प्रति एसएचएसआरसी 1 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आवंटन में पिछले साल तक बदलाव नहीं किया गया था। उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य के विस्तारित दायरे को देखते हुए, यह पाया गया की यह राशि एसएचएसआरसी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए, अक्सर ऐसा होता था कि केवल कर्मचारियों को ही वेतन मिल पाता और अन्य गतिविधियों के लिए बहुत कम पैसा बचता। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, एनएचएसआरसी द्वारा एनएचएम के तहत एसएचएसआरसी को वित्तीय आवंटन में, बड़े राज्यों के लिए 2.5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष और छोटे राज्यों के लिए 1 करोड़ रुपये प्रति वर्ष (क्रमशः 1 करोड़ और 50 लाख से) में बदलने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया और इसके लिए अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) से मंज़ूरी मांगी गई। प्रस्ताव को ईपीसी द्वारा अनुमोदित किया गया, मिशन स्टीयरिंग ग्रुप (एमएसजी) की बैठक से अंतिम अनुमोदन की प्रतीक्षा थी।

प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए, एचएफएम के लिए एक नोट तैयार किया गया और प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए इसे एमओएचएफडब्ल्यू को प्रस्तुत किया गया।

बदले हुए वित्तीय आवंटन का प्रस्ताव, माननीय एचएफएम द्वारा अनुमोदित किया गया है और डीओ पत्र सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ साझा किया गया है।

एसएचएसआरसी को सुदृढ़ करने में मदद करना

एसएचएसआरसी के साथ नियमित चर्चाओं के अलावा, विभाग द्वारा राज्यों में एसएचएसआरसी की भूमिका को समझने के लिए एक मूल्यांकन भी किया है और परिणाम प्राप्त करने में प्रमुख समर्थकों और आने वाली बाधाओं को भी समझा गया है। टीम ने राज्यों में तकनीकी सहायता इकाई के रूप में एसएचएसआरसी की भूमिका को समझने के लिए अध्ययन पूरा कर लिया है, इस प्रकार टीओआर पर दोबारा गौर किया गया है और इसे राष्ट्रीय और राज्य विशिष्ट संदर्भ और प्राथमिकताओं के अनुरूप संशोधित किया गया है। चुने गए चार राज्यों यानी हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में क्षेत्र की मुलाकात और माहिती एकत्र करने का काम पूरा हो चुका है।

चर्चाओं के आधार पर, विभाग द्वारा एसएचएसआरसी के लिए एक रिपोर्ट और एक रूपरेखा बनाई गई है।

विभाग ने छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में एसएचएसआरसी की मुलाकात ली है और वर्तमान में, एनएचएम के तहत मूल्यांकन सहित विभिन्न क्षेत्र स्तरीय गतिविधियों को करने के लिए इन एसएचएसआरसी के साथ जुड़ा हुआ है।

संबंधित राज्यों में एसएचएसआरसी को फिर से स्थापित करने के लिए विभाग, राजस्थान और झारखंड टीमों के साथ भी काम कर रहा है।

वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्रों (एसएचएसआरसी) के साथ एक दिवसीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य अनुभव साझा करना, क्रॉस लर्निंग और एसएचएसआरसी द्वारा दी गई प्रमुख गतिविधियों पर अपडेट प्रदान करना है।

अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए एसएचएसआरसी की मदद करना:

एसएचएसआरसी के लिए 'अनुसंधान पद्धति की मूल बातें' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सभी एसएचएसआरसी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विभाग, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, गुजरात और मध्य प्रदेश एसएचएसआरसी को उनके संबंधित अनुसंधान प्रस्तावों और संबंधित गतिविधियों के लिए भी समर्थन दे रहा है।

विभाग ने एबी-एचडब्ल्यूसी केस स्टोरी के संग्रह के लिए केस स्टडी तैयार करने के लिए संबंधित राज्य में एबी-एचडब्ल्यूसी की त्वरित समीक्षा करने के लिए चार एसएचएसआरसी - छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के साथ काम किया।

केएमडी 12 अन्य

ए. एनसीडी:

एनसीडी कार्यक्रम के लिए दिशानिर्देशों को संशोधित करने में, विभाग ने एमओएचएफडब्ल्यू का समर्थन किया: एनपी-एनसीडी दिशानिर्देश।

आवश्यकता पड़ने पर, प्रभाग ने एनसीडी दस्तावेजों और आईएचसीआई एकीकरण से संबंधित तकनीकी टिप्पणियों पर अपने विचार प्रदान किए।

विभाग ने कांसेप्ट नोट तैयार करने में मदद की और एनसीडी - पोषण, जीवन शैली और प्रबंधन पर दूसरे राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन के लिए टिप्पणियां प्रदान की।

बी. टेली मानस

विभाग ने टेली मानस कांसेप्ट नोट और प्रेजेंटेशन बनाने में मदद की।

विभाग ने टेली मानस के लिए परिचालन दिशानिर्देश तैयार करने और विकसित करने में सहायता की।

विभाग ने टेली मानस के लिए निमहंस द्वारा बनाई जा रही प्रशिक्षण सामग्री के लिए टिप्पणियां प्रदान की।

आईईसी सामग्री बनाने के लिए विभाग, निमहंस टीम के साथ काम कर रहा है।

सी. एनएचएम का विस्तार

प्रभाग ने तकनीकी टिप्पणियां प्रदान की और एनएचएम के विस्तार के लिए कांसेप्ट नॉट में बदलाव किए और उसी के लिए प्रेजेंटेशन तैयार किए।

डी. साझेदारी और सहयोग

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर प्रमुख संस्थानों की पहचान करते हुए साझेदारी और सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

साथ ही, व्यक्तिगत अनुसंधान और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और संगठनों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से एनएचएसआरसी के लिए आवेदन करने और जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अब तक हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-दिल्ली (एम्स दिल्ली), एम्स जोधपुर, एम्स बीबीनगर, आईआईएचएमआर जयपुर, आईआईएचएमआर बैंगलोर, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएचएफआई), राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीएचटीआर) , माहे मणिपाल, सरकारी चिकित्सा विज्ञान संस्थान (जीआईएमएस), एमसीएचआई - जेएचयू, पीएटीएच, जेएचपीआईईजीओ, इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आईएपीएसएम), एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल, केयर इंडिया सॉल्यूशंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (सीआईएसएसडी), राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी), दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च (डीपीएसआरयू), सामाजिक औषधि और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रिसर्च ट्राइएंगल इंस्टीट्यूट ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आरटीआई)।

भारत में मृत्यु दर, रुग्णता, कार्यक्षमता, विकलांगता और नैदानिक हस्तक्षेप के लिए डब्ल्यूएचओ एफआईसी लागू करने पर रणनीतिक कार्य योजना के मूल्यांकन और विकास के लिए तकनीकी सलाहकार समूह (टीएजी) में भाग लिया गया।

भारत में मधुमेह और उच्च रक्तचाप की देखभाल की निरंतरता के त्वरित मूल्यांकन पर आईसीएमआर के साथ काम किया गया।

माहिती एकत्र करने के उपकरण और अंतिम रिपोर्ट के लिए तकनीकी टिप्पणियां प्रदान की गई।

इ. जनसंख्या अनुसंधान केंद्र (पीआरसी)

विभाग, पीआरसी को उनके द्वारा किए जा रहे अध्ययनों में टिप्पणियां प्रदान करने में तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

विभाग द्वारा सभी अठारह पीआरसी के लिए तीन दिवसीय कार्यान्वयन कार्यशाला भी आयोजित की गई।

अनुसंधान और रिपोर्ट का अवलोकन प्रदान करने के लिए, विभाग ने अक्टूबर 2022 में पीआरसी द्वारा आयोजित ज्ञान प्रसार कार्यशाला में भाग लिया और सभी अध्ययनों और प्रस्तावों के लिए विस्तृत टिप्पणियां भी टीम के साथ साझा की।

एफ. एमओएचएफडब्ल्यू दस्तावेज़ और प्रस्ताव प्राप्त होने पर, तकनीकी टिप्पणियाँ प्रदान की गईं।

एनसीडी, जनजातीय स्वास्थ्य, एसडीजी, यूएचसी संबंधित और स्वास्थ्य प्रणालियों से संबंधित पीक्यू की समीक्षा की गई और गुणवत्तापूर्ण और समय पर प्रतिक्रिया प्रदान की गई।

राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के लिए, विभाग ने अध्यायों का मसौदा तैयार करने और दिशानिर्देश निर्धारित करने में भी एमओएचएफडब्ल्यू की मदद की।

सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर, बीएमजीएफ के समर्थन से बनी, "देश की आम जनता: भारत में सीओवीआईडी-19 महामारी प्रबंधन में आशा की भूमिका" नामक दस्तावेज़ीकरण में भी विभाग ने योगदान दिया।

VII. सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन

मुख्य उत्पाद

1. बहु-विशेषज्ञ देखभाल के प्रावधान के लिए माध्यमिक देखभाल सुविधाओं के संचालन, सहायता सेवाओं की स्थापना और सेवा प्रदाताओं - चिकित्सा अधिकारियों, नर्स और पैरा-मेडिकल स्टाफ के लिए ज्ञान और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में सेवा करने में राज्यों की मदद करना।

2.आईपीएचएस मानदंडों का संशोधन, निर्धारण और राज्यों का उन्मुखीकरण।

3. आपातकालीन देखभाल (प्राथमिक और माध्यमिक), ओटी, यंत्रीकृत लॉन्ड्री और सीएसएसडी, एचडीयू/आईसीयू, आधुनिक रसोई, एलएसएएस, बीईएमओएनसी, राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाओं और आदर्श स्वास्थ्य जिले पर दिशानिर्देशों का प्रसार करके आदर्श स्वास्थ्य जिलों और आकांक्षी जिलों के विकास में राज्यों की मदद करना।

4. सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग को लागू करने के लिए एमओएचएफडब्ल्यू और राज्यों की मदद करना।

5. सेवा प्रावधान के लिए विभिन्न राज्य मॉडल पर अध्ययन सहित क्षमता निर्माण और विभिन्न शहरी स्वास्थ्य गतिविधियों के कार्यान्वयन में राज्यों की मदद करना।

6. सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम, सीईए, सीएलएमसी अधिनियम, मेडिको-लीगल प्रोटोकॉल आदि जैसे कानूनी ढांचे के तहत विभिन्न गतिविधियों को सुदृढ़ करने के लिए एमओएचएफडब्ल्यू और राज्यों की मदद करना।

7. कोविड-19 की विभिन्न गतिविधियों की रोकथाम और नियंत्रण में एमओएचएफडब्ल्यू और राज्यों को सहायता करना।

8. सीपीएचसी के तहत, मौखिक स्वास्थ्य, एमएनएस, प्रशिक्षण संबंधी दिशानिर्देश और एचडब्ल्यूसी बुनियादी ढांचे सहित आपातकालीन देखभाल जैसी चुनी हुई सेवाओं के लिए परिचालन दिशानिर्देशों को निर्धारित करने के लिए सीपीएचसी कार्यान्वयन का समर्थन।

9. सहायक पर्यवेक्षण सॉफ्टवेयर और जीआरएस और स्वास्थ्य हेल्पलाइन वेब पोर्टल की वृद्धि/कार्यान्वयन में एमओएचएफडब्ल्यू को मदद करना।

10. तकनीकी और स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की गतिविधियों के कार्यान्वयन में कार्यक्रम प्रभागों/राज्यों की मदद करना।

टीम में कौन - कौन शामिल है?

स्वीकृत पद	**पद पर (रिक्ति)**
सलाहकार (1)	1
प्रमुख सलाहकार (1)	0
वरिष्ठ सलाहकार (4)	3
सलाहकार (13)	11
कुल भरे हुए पद	**15**
भरे जाने पद	**04**

<u>कार्य के क्षेत्र</u>

पीएचए 01 माध्यमिक देखभाल का सुदृढ़ीकरण

एक कार्यात्मक जिला अस्पताल (डीएच), विस्तारित तृतीयक देखभाल सेवाओं पर रोगी के भार को कम करता है और समाज के लिए उच्च गुणवत्ता वाली माध्यमिक (और कुछ तृतीयक) देखभाल प्रदान करता है। महत्वपूर्ण और गैर-महत्वपूर्ण देखभाल, दोनों के संचालन के लिए डीएच, एसडीएच और एफआरयू को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह विभाग बहु-विशेषज्ञ देखभाल प्रदान करने और डॉक्टरों, नर्स और पैरा-मेडिकल कर्मचारियों के लिए ज्ञान और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए राज्यों को उनकी माध्यमिक देखभाल सुविधाओं (विशेष रूप से डीएच) के संचालन में मदद कर रहा है।

1.1 जिला अस्पताल का सुदृढ़ीकरण

सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए ऑनलाइन मोड द्वारा माध्यमिक देखभाल सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए राज्य स्तरीय कार्यशालाएँ आयोजित की गई हैं। जिला अस्पतालों में डीएनबी की पहल की वृद्धि के लिए, डीएच में डीएनबी कार्यक्रम शुरू करने के लिए परिचालन दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं और ये कार्यक्रम, आंतरिक चर्चा के लिए तैयार हैं। पीआईपी द्वारा डीएच में डीएनबी शुरू करने के लिए राज्यों को सहायता प्रदान की गई। अब तक 23 राज्य, 99 सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में डीएनबी कार्यक्रम चला रहे हैं जिनमें डीएच, सिविल अस्पताल, क्षेत्रीय अस्पताल और एसडीएच शामिल हैं, जिनमें 17 क्षेत्र में कुल 1168 सीटें उपलब्ध हैं। डीएनबी, नर्सिंग और संबंधित स्वास्थ्य देखभाल पाठ्यक्रमों के लिए, यूपी, झारखंड और एमपी राज्यों के लिए डीएच मैपिंग प्रक्रिया के तहत है।

मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड किए गए डीएच में सेवाओं में सुधार का अध्ययन करने के लिए एक ड्राफ्ट टूल और नोट तैयार की गई थी और ईडी, एनएचएसआरसी के साथ साझा की गई थी। केएमडी छह राज्यों में पीएचए विभाग के साथ मिलकर, 'जिला अस्पताल को परिवर्तित करके बनाए गए मेडिकल कॉलेज के सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यों का व्यापक विश्लेषण: एक तुलनात्मक अध्ययन'' अध्ययन आयोजित कर रहा है। तीन राज्यों (छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और ओडिशा) के लिए माहिती एकत्र करने का काम पूरा हो गया है।

1.2 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण

ए. एमसीएच का सुदृढ़ीकरण: कार्यात्मक एमसीएच विंग, कौशल प्रयोगशालाओं, अन्य तकनीकी दिशानिर्देशों जैसे: सुमन के माध्यम से एनएचएम, उच्च जोखिम वाले गर्भधारण (और सी-सेक्शन की आवश्यकता वाले) के लिए सुनिश्चित और उच्च गुणवत्ता वाली संस्थागत डिलीवरी, दाख़िले और देखभाल के प्रावधान की परिकल्पना करता है। एनएचएसआरसी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के लिए चुने गए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) बनाने में मंत्रालय और राज्यों की सहायता कर रहा है।

एमसीएच विंग (100 और 200 बिस्तरों वाले) की रूपरेखा को एमएलसीयू (मिडवाइफरी एलईडी केयर यूनिट) अवधारणा के अनुसार संशोधित किया गया था और अनुमोदन के लिए मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। विभाग ने एमएलसीयू दिशानिर्देशों पर भी टिप्पणियां प्रदान की है। एमएलसीयू और एलडीआर की लेआउट डिजाइन, एमएलसीयू दिशानिर्देशों का हिस्सा हैं जिन्हें दिसंबर 2022 में सुमन ब्रोशर के साथ प्रकाशित किया गया था। एमसीएच विंग की स्थापना में कई राज्यों को सहायता प्रदान की गई है।

मैनिटोबा विश्वविद्यालय के साथ मिलकर, विभाग, मातृ स्वास्थ्य के प्रमुख चालकों पर एक राष्ट्रीय स्तर के अध्ययन का समर्थन कर रहा है। राष्ट्रीय रिपोर्ट का मसौदा तैयार है और अंतिम समीक्षा और प्रसार के लिए एमओएचएफडब्ल्यू को दे दिया गया है। छह राज्यों के साथ राज्य परामर्श भी पूरा हो चुका है और राज्य विशिष्ट रिपोर्ट का मसौदा तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।

बी. सुमन: यह पहल, मातृ और शिशु के स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, जिसमें निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण देखभाल सेवाओं तक व्यापक पहुंच, सेवाओं से इनकार के लिए शून्य सहिष्णुता, महिलाओं के स्वत्व अधिकार, गरिमा, भावनाओं, पसंदगियो और प्राथमिकताओं आदि के प्रति सम्मान के साथ जटिलताओं का सुनिश्चित प्रबंधन शामिल है।

विभाग ने सुमन के लिए परिचालन और रूपरेखा के दिशानिर्देश तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उसके बाद सुमन पहल पर मानक परिचालन दिशानिर्देश, लोगो और पोस्टर, माननीय एचएफएम द्वारा जारी किया गया और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ साझा किया गया। विभाग, एमएच विभाग और राज्यों को उनकी आवश्यकता के अनुसार आवश्यकता-आधारित सहायता प्रदान कर रहा है।

1.3 सीईएमओएनसी/एलएसएएस/बीईएमओएनसी कार्यक्रम का संशोधन

एमएच विभाग के सहयोग से एनएचएसआरसी ने केजीएमयू के तकनीकी सहयोग से सीमॉक और एलएसएएस कार्यक्रम को संशोधित किया। विशेषज्ञों और एमएच डिवीजन द्वारा आंतरिक समीक्षा और बाहरी समीक्षा के कई दौर से गुजरने के बाद बीईएमओएनसी, सीईएमओएनसी और एलएसएएस के संशोधित कार्यक्रम को मंजूरी के लिए मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। विशेषज्ञ समूह से टिप्पणियां प्राप्त होने के बाद कार्यक्रम को नवीनतम एमएच पोस्टर और प्रोटोकॉल के साथ सिंक्रनाइज़ किया गया था और संशोधित सीईएमओएनसी और एलएसएएस कार्यक्रम को अंतिम अनुमोदन के लिए फिर से मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। बीईएमओएनसी कार्यक्रम का मसौदा भी अनुमोदन के लिए मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था।

उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों को सीईएमओएनसी और एलएसएएस का राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए सहायता प्रदान की गई।

1.4 माध्यमिक देखभाल के लिए दिशानिर्देश

माध्यमिक देखभाल सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए डीएच और एसडीएच स्तर पर सुनिश्चित आपातकालीन और महत्वपूर्ण देखभाल सेवाओं का प्रावधान महत्वपूर्ण है। एनएचएसआरसी इन सेवाओं के संचालन में राज्यों का समर्थन कर रहा है - इनमें आपातकालीन एचडीयू, आईसीयू, कार्यात्मक ओटी, एसएनसीयू, पीआईसीयू और एनआईसीयू शामिल हैं।

ऑपरेशन थिएटर, हाई डिपेंडेंसी यूनिट/ इंटेंसिव केयर यूनिट, सेन्ट्रल स्टेराइल सर्विस विभाग और आहार सेवाओं पर दिशानिर्देश प्रकाशित किए गए, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में प्रसारित किए गए और एनएचएसआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध कराए हैं। आठ राज्यों (तमिलनाडु, चंडीगढ़, लद्दाख, नागालैंड, मिजोरम, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार) को इन दिशानिर्देशों के बारे में समझाया गया।

जिला अस्पतालों में आपातकालीन देखभाल सेवाओं के लिए परिचालन और तकनीकी दिशानिर्देशों को निर्धारित करने के लिए डॉ. प्रोफेसर राजेश मल्होत्रा, प्रमुख जेपीएनएटीसी, प्रोफेसर और प्रमुख, ऑर्थोपेडिक्स मेडिसिन विभाग, एम्स, नई दिल्ली की अध्यक्षता में सभी विशेषज्ञों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। सभी दिशानिर्देश अब आईपीएचएस 2022 के साथ भी समन्वयित हैं। डीएच में आपातकालीन देखभाल सेवाओं पर परिचालन और तकनीकी दिशानिर्देश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित हैं और 13 जून 2023 को प्रसारित किए गए हैं। सेवा प्रदाताओं के अनुस्थापन और क्षमता निर्माण के लिए, अनुरोध के अनुसार राज्यों को निरंतर समर्थन दिया जा रहा है।

1.5 आपातकालीन और गंभीर देखभाल के लिए कार्यक्रम

चिकित्सा अधिकारियों के लिए आपातकालीन और गंभीर देखभाल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेषज्ञ समूह की बैठक 22-23 जून 22 को आयोजित की गई थी, जिसके आधार पर एक परिचालन दिशानिर्देश और तकनीकी दिशानिर्देश तैयार किए गए थे। इसके बाद दस्तावेज़ को और अधिक परिष्कृत करने के लिए विशेषज्ञ समूह की दो और बैठकें आयोजित की गईं थी। दस्तावेज़ के अंतिम संस्करण की समीक्षा की जा रही है। बनाया जा रहा पाठ्यक्रम, सीईएमओएनसी और एलएसएएस के अनुरूप है।

पीएचए 02 भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) का संशोधन

पहले आईपीएचएस दिशानिर्देश, 2007 में प्रस्तुत किए गए थे और 2012 में संशोधित किए गए थे। तब से, एनएचएम द्वारा एनयूएचएम की शुरूआत और स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) प्रदान करने सहित कई नई पहलों का समर्थन किया गया था। प्राप्त हुई टिप्पणियों से पता चलता है कि 2012 आईपीएचएस दिशानिर्देश विभिन्न कार्यक्रम प्रभागों की आवश्यकताओं का पर्याप्त रूप से समावेश नहीं करते हैं और समानांतर कार्यक्रम दिशानिर्देश भी गड़बड़ी और संसाधनों के प्रतिलिपि का कारण बनते हैं। इसलिए, सभी कार्यक्रम प्रभागों के साथ संयुक्त रूप से और अलग-अलग सलाह ली गई और उनकी आवश्यकताओं को संशोधित दिशानिर्देशों में व्यापक रूप से शामिल किया गया है। इस दिशानिर्देश में अनुकूल बुनियादी ढांचे के लिए कई नई पहल और संभावित ज़रूरतें भी शामिल हैं। शहरी स्वास्थ्य के लिए आईपीएचएस को पहली बार यूपीएचसी के नीचे और ऊपर की संरचना को मजबूत करने की दृष्टि से शामिल किया गया है। इसी तरह, क्रिटिकल केयर बेड, डे केयर बेड, एकीकृत प्रयोगशाला सेवाएं कुछ ज़रूरी सुविधाएं हैं। संशोधित आईपीएचएस में बुजुर्गों, विकलांगो की जरूरतों और लिंग संवेदनशील सेवाओं को भी शामिल किया गया है। संशोधित आईपीएचएस 2022 माननीय एचएफएम द्वारा अनुमोदित और जारी किया गया है।

राष्ट्रिय स्तर पर, सभी राज्यों के लिए एक ओरिएंटेशन आयोजित किया गया था जिसमें मिशन निदेशकों, राज्य कार्यक्रम अधिकारियों, आईपीएचएस के लिए राज्य नोडल अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। इस राष्ट्रीय ओरिएंटेशन के बाद, तमिलनाडु, चंडीगढ़, लद्दाख, नागालैंड, मिजोरम, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार में आठ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की स्तर की कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

आईपीएचएस अनुपालन के लिए एक मूल्यांकन के मानदंड तैयार किए गए है और कुछ राज्यों में इसका परीक्षण किया गया है। आठ राज्यों- केरल, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, असम, गुजरात, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ की संकलित विजिट रिपोर्ट, मंत्रालय को सौंपी गई है।

आईपीएचएस अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए चेकलिस्ट के आधार पर, ओडीके टूलकिट, एनआईपीआई की मदद से तैयार की गई थी और छह राज्यों में संचालित की गई थी। ओडीके टूलकिट की मंजूरी के लिए प्रारंभिक निष्कर्ष, मंत्रालय के साथ साझा किए गए थे। मंत्रालय के निर्देशों पर आगे, एनआईपीआई टीम के साथ एनआईसी के साथ बैठकें आयोजित की गईं और एनआईसी द्वारा आईपीएचएस अनुपालन के लिए एक नया सॉफ्टवेयर और डैशबोर्ड बनाने का निर्णय लिया गया।

आईपीएचएस 2022 की अन्य महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक हरित और जलवायु लचीले अनुकूल ढांचे से संबंधित प्रमुख सिद्धांतों का समावेश है। विभाग ने हरित और जलवायु लचीलेपन के लिए जिला योजना के लिए मार्गदर्शन टिप्पणियां बनाने में एनपीसीसीएचएच को सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, विभाग ने एनडीएमए बैठक में भाग लिया है और हरित एवं जलवायु अनुकूल नोट पर कई टिप्पणियां प्रदान की हैं।

पीएचए 03 आदर्श स्वास्थ्य जिले और आकांक्षी जिले

एमओएचएफडब्ल्यू के अनुमोदन के साथ, एनएचएसआरसी को राज्यों में एमएचडी तैयार करने का काम सौंपा गया था; ये एमएचडी अन्य जिलों में प्रतिकृति के लिए रोल मॉडल के रूप में काम करेंगे। इस योजना के तहत, जिला अस्पताल, सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने के लिए मुख्य स्थल होंगे और उन्हें सीएचसी, पीएचसी और एससी से जोड़ा जाएगा। आदर्श स्वास्थ्य जिलों की तर्ज पर मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों में प्रदर्शन जिले विकसित करने के लिए बीएमजीएफ को मंजूरी दे दी है। विभाग ने राज्य में मौजूद विभिन्न विकास भागीदारों जैसे बीएमजीएफ, पीएटीएच, एक्सेस हेल्थ केयर, जेएचपीआईईजीओ इत्यादि के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश राज्य की गतिविधियों का समर्थन किया। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और राजस्थान में चयनित जिलों को सहायता प्रदान की गई। एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करने, अनुपालन प्राप्त करने के लिए आईपीएचएस के अनुसार उन्हें अपग्रेड करने के लिए सीएचसी के मूल्यांकन और एनक्यूएएस के लिए सुविधाएं भी शुरू की गईं। आईपीएचएल और बीपीएचयू की स्थापना के लिए संसाधनों का पूर्व-मूल्यांकन ,झारखंड, राजस्थान राज्य में भी किया गया था और आईपीएचएस अनुपालन चेकलिस्ट का परीक्षण, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्य में किया गया था।

आदर्श स्वास्थ्य जिलों से मिली सीख ने एमओएचएफडब्ल्यू के विभिन्न नीतिगत निर्णयों में मूल्य जोड़ा है, विशेष रूप से, एक एकीकृत जिला स्वास्थ्य कार्य योजना (डीएचएपी) पर ध्यान केंद्रित करना, जिला स्तर पर और उससे नीचे महत्वपूर्ण देखभाल सेवाओं में सुधार करना, ब्लॉक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी को मजबूत करना, जनसंख्या को कम करना, संसाधनों का अनुकूलन करना और एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला आदि की नीति लाकर सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना आदि। भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) को संशोधित करते समय एमएचडी में किए गए कार्यों के विभिन्न अवलोकन और प्रमाण, विशेष रूप से सर्जिकल सेवाएं, एकीकृत सीएसएसडी और यांत्रिक लॉन्ड्री, ओपीडी और विभिन्न अन्य सेवा क्षेत्रों में मानक लाकर सेवाओं में सुधार करने के दिशानिर्देशों को व्यवस्थित करने और प्रारूपित करने में बेहद मददरूप थे। इन मानकों को बनाए रखने के लिए आईपीएचएस अनुरूप सुविधाओं के प्रमाणीकरण की आवश्यकता भी शुरू की गई है और अब, विभाग, आईपीएचएस के कार्यान्वयन का समर्थन कर रहा है।

यह विभाग देश में आकांक्षी जिलों (एडी) की भी मदद कर रहा है। डेल्टा रैंकिंग के लिए स्वास्थ्य संकेतकों का विश्लेषण और इनपुट, मंत्रालय के साथ साझा किए गए। पूर्वोत्तर राज्यों को जिला स्वास्थ्य कार्य योजना, कोविड से संबंधित आवश्यक सेवाओं, गैर-कोविड आवश्यक सेवाओं आदि के संबंध में ऑनलाइन मोड में समझाया गया था। झारखंड के आकांक्षी जिलों अर्थात् पश्चिमी सिंहभूम और गुमला के लिए कुछ संकेतकों पर डेटा विश्लेषण किया गया था। 6 महीने के लिए अल्पावधि प्राप्त संकेतकों पर आकांक्षी जिलों से प्रगति की स्थिति और माहिती ली गई। आकांक्षी जिलों के लिए कार्यक्रम के क्षेत्रों, प्राथमिकता के संकेतकों, अल्पकालिक लक्ष्यों और दीर्घकालिक लक्ष्यों और जिला स्वास्थ्य कार्य योजनाओं पर मंत्रालय

को टिप्पणियां दी गई थी। क्रमशः छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, पंजाब, ओडिशा, मध्य प्रदेश, हरियाणा, यूपी, आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, त्रिपुरा राज्यों के लिए आकांक्षी जिलों के प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया। जिलों की कार्यक्षमता की स्थिति का आकलन करने के लिए संभाग से संबंधित आकांक्षी जिला संकेतकों पर टिप्पणियां प्रदान की गई थी। एमएचडब्ल्यू की इच्छा के अनुसार विशेष रूप से एचएसएस और अन्य रोग नियंत्रण कार्यक्रमों से संबंधित स्वास्थ्य संकेतक, उनके स्रोत, अपेक्षित परिणाम आदि, विभाग द्वारा नए शुरू किए गए आकांक्षी ब्लॉक स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए एक संक्षिप्त पृष्ठभूमि नोट के साथ तैयार किए गए थे। विभाग ने नीति आयोग जिला रैंकिंग के लिए संकेतकों को निर्धारित में भी मंत्रालय का समर्थन किया।

पीएचए 04 सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग (पीएचएमसी) पर सिद्धांतों और दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करने का मुख्य आदेश, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 और तेरहवें सीसीएचएफडब्ल्यू के संकल्प से आया, जहां सभी राज्यों के माननीय स्वास्थ्य मंत्री उपस्थित थे और उन्होंने, मार्च 2022 तक सभी के लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए "अपने राज्यों में पीएचएमसी का गठन करने का संकल्प लिया।" नीति आयोग ने विचार-विमर्श शुरू किया और उसके बाद एमओएचएफडब्ल्यू के मार्गदर्शन में एनएचएसआरसी ने एएस और एमडी, जेएस (पि), नीति आयोग, प्रमुख सचिवों, मिशन के निदेशकों, विभिन्न राज्यों के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक, डब्ल्यूएचओ और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के साथ कई बैठकों के बाद सिद्धांतों और संरचनाओं को निर्धारित किया। सचिव एच और एफडब्ल्यू से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, सिद्धांतों और संरचनाओं को माननीय एचएफएम को प्रस्तुत किया गया। अंत में, पीएचएमसी की छत्रछाया में चिकित्सा शिक्षा को एकीकृत करने और राज्यों को सिद्धांतों का प्रसार करने के निर्देश प्राप्त हुए।

पीएचएमसी पर एक मार्गदर्शन नोट और पीएचएमसी को लागू करने के लिए राज्यों के लिए पत्र, अनुमोदन के लिए मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। अब, जेएस (पी) और निदेशक, एनएचएम की टिप्पणियों को शामिल करने के बाद एक पुस्तिका, पीएचएमसी पर पुस्तिका, मंत्रालय द्वारा अनुमोदित की गई और औपचारिक रूप से 16 अप्रैल 2022 को प्रकाशित की गई। 5-7 मई 2022 को आयोजित चिंतन शिविर में भी इस पर चर्चा की गई। 29 जून 2022 को सचिव एचएफडब्ल्यू की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय स्तर का परामर्श आयोजित किया गया था। 21 अक्टूबर 2022 को उत्कृष्टता केंद्र और एम्स, पीजीआईएमईआर, जेआईपीएमईआर, आईआईपीएच, आईआईएम इत्यादि जैसे शैक्षणिक संस्थानों को मूल सिद्धांतों और पीएचएमसी की विचारोत्तेजक संरचना जो संस्थानों को पीएचएमसी के कार्यान्वयन में राज्यों को बेहतर ढंग से समझने और सहायता/समर्थन करने में मदद करने के बारे में समझाने के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी। यह विभाग, नीति आयोग द्वारा आयोजित की जा रही प्रगति समीक्षाओं का भी हिस्सा है।

2022 तक असम (पूर्वोत्तर राज्य), बिहार, दिल्ली, झारखंड, मध्य प्रदेश, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में राज्य स्तरीय परामर्श किया गया। इसके अलावा, बिहार, झारखंड, कर्नाटक और मध्य प्रदेश (म.प्र.) में गठित कार्यदल को सहायता प्रदान की गई। पीएचएमसी पर बिहार और सार्वजनिक स्वास्थ्य संवर्ग पर कर्नाटक की कार्यदल की

रिपोर्ट प्रकाशित हो चुकी है। विभाग ने कार्यदल द्वारा सुझाई गई संरचनाओं के अनुसार पीएचएमसी को लागू करने में वित्तीय बोझ का अनुमान लगाने के लिए बिहार और झारखंड राज्यों का भी समर्थन किया।

नीति आयोग ने एमओएचएफडब्ल्यू और एनएचएसआरसी के साथ मिलकर, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद पॉल की अध्यक्षता में तीन समीक्षा बैठकें आयोजित कीं। सार्वजनिक स्वास्थ्य और प्रबंधन संवर्ग की स्थापना में तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों के अनुरोध के आधार पर, 2 मई से 4 मई तक जम्मू और कश्मीर में ओरिएंटेशन बैठकें आयोजित की गईं, 22 मई को त्रिपुरा के साथ ऑनलाइन बैठक और 24 से 27 मई 2023 तक हिमाचल प्रदेश के साथ ऑनलाइन बैठकें आयोजित की गईं।

पीएचए 05 सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन

सार्वजनिक क्षेत्र में मजबूत और जवाबदेह स्वास्थ्य प्रणाली प्रशासन एक चुनौती बनी हुई है। जवाबदेही और स्वास्थ्य प्रणालियों के जोखिम प्रबंधन को मजबूत करने के लिए तंत्र (जैसे रुग्णता ऑडिट, प्रिस्क्रिप्शन ऑडिट, इन्वेंट्री और वित्तीय ऑडिट) या तो अपर्याप्त हैं या उनमें कमी है। न ही सेवा वितरण में संभावित खामियों (विशेष रूप से जो महत्वपूर्ण हैं, जैसे प्रतिकूल घटना रिपोर्टिंग) के बारे में प्रारंभिक चेतावनी संकेत उत्पन्न करने की कोई प्रणाली है। यह विभाग, स्वास्थ्य प्रणाली के संकेतक के उपकरणों के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन को मजबूत करने पर काम कर रहा है, जिससे असामयिक मृत्यु और टालने योग्य घटनाओं को रोकने के लिए समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

5.1 माता के मृत्यु की निगरानी की समीक्षा एवं बाल मृत्यु की समीक्षा

राज्य के अनुरोधों पर सहायता प्रदान की जा रही है। इस क्षेत्र में राज्य के प्रस्तावों को भी एनपीसीसी के एक भाग के रूप में स्वीकार किया जाता है।

5.2 नागरिक पंजीकरण प्रणाली, डेटा प्रबंधन और रिपोर्टिंग को सुदृढ़ करना

यह विभाग, नीति आयोग के तहत सिस्टम संकेतकों: एचएमआईएस 2.0 और राज्य स्वास्थ्य सूचकांक और एडीपी के संशोधन में सहायता प्रदान कर रहा है। एचएमआईएस 2.0 के लिए स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण संकेतकों को संशोधित करने के लिए टिप्पणियां दी गई थे, उदाहरण के लिए, भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों से संबंधित संकेतक, ज्ञान केंद्र के रूप में माध्यमिक देखभाल सुविधाएं, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल इत्यादि। इसके अलावा, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे के प्रारूप संकेतकों को भी संशोधित किया गया था। विभाग ने एचएमआईएस पर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने में भी एचएमआईएस प्रभाग का समर्थन किया है।

साथ ही, नीति आयोग के राज्य स्वास्थ्य सूचकांक और आकांक्षा जिला कार्यक्रम पर संकेतकों को संशोधित करने के लिए टिप्पणियां दी थी, जिन्हें आगे संशोधित संस्करण में शामिल किया गया था।

5.3 नैदानिक अधिकार

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 भी रोगी केंद्रित, जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ देखभाल की गुणवत्ता प्रदान करने पर केंद्रित है। आईपीएचएस 2022 के अनुसार, नैदानिक अधिकार

के लिए एक मजबूत तंत्र को अपनाने और लागू करने से सार्वजनिक सुविधाओं पर देखभाल की गुणवत्ता में काफी सुधार किया जा सकता है, जो गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न पहलों पर ध्यान केंद्रित करेगा। नैदानिक अधिकार, अस्पताल में रोगी केंद्रित सेवा को संस्थागत बनाने का एक व्यवस्थित दृष्टिकोण है। इसके संबंध में विशेषज्ञ समूह की बैठक का एक दौर एमजीआईएमएस वर्धा में 17 और 18 सितंबर 2022 को आयोजित किया गया था और नैदानिक अधिकार के कार्यान्वयन की व्यवहार्यता का विश्लेषण करने के लिए एक प्रारंभिक पहल शुरू करने के लिए पीजीआई चंडीगढ़ के साथ ओरिएंटेशन बैठक का एक दौर, 15 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया था। कुछ जिलों और मेडिकल कॉलेजों में इस पहल को शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है।

5.4 आश्वासित आपातकालीन एवं परामर्श प्रणाली

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2014 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाओं (एनएएस) की शुरुआत की गई, जो भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गए हैं क्योंकि वे रोगी को स्वास्थ्य स्थल से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

· मैदानी और पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए एम्बुलेंस (एएलएस और बीएलएस) के लिए वित्त और परिचालन व्यय के संशोधित लागत अनुमान के साथ-साथ पीटीवी के लिए अनुमानित लागत के लिए ईपीसी नोट तैयार किया गया था जिसे एमएसजी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

· 102/108 एम्बुलेंस के संचालन के लिए पीआईपी के माध्यम से राज्यों को मदद की जा रही है।

· इससे पहले, निओनेटल एम्बुलेंस दिशानिर्देशों सहित एनएएस के लिए दिशानिर्देश, कांसेप्ट नोट के साथ एआईएस 125 मानदंडों को शामिल करते हुए तैयार किया गया था और मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। संशोधित एमएसजी मानदंडों के आलोक में, राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा (एनएएस) दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं और आंतरिक चर्चा के लिए तैयार हैं।

· राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन में सहायता के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की मुलाकात ली।

· हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने पर टिप्पणियां दी गई।

विभाग ने ट्रांसफॉर्मिंग इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर सिस्टम के माध्यम से आपातकालीन देखभाल सेवाओं के विस्तार में एमओएचएफडब्ल्यू और निति आयोग को भी सहायता प्रदान की। एम्बुलेंस के लिए जनसंख्या संबंधित मानदंडों को निर्धारित करने, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन विभागों के लिए बुनियादी ढांचे और तकनीकी आवश्यकताओं का अनुमान लगाने, कमांड सेंटरों की अवधारणा बनाने और तदनुसार प्रत्येक घटक के लिए इकाई लागत और वित्तीय निहितार्थ की गणना करने के संदर्भ में सहायता प्रदान की गई।

5.5 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से पहुंच को मजबूत करना

एनएचएम के तहत, एमएमयू विशेष रूप से दूरदराज, कठिन, कम सेवा वाले और पहुंच से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण रणनीति है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों द्वारा एमएमयू का उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में, विभाग पीआईपी में राज्य के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है और राज्यों को आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है।

· एमएमयू की संशोधित लागत के लिए ईपीसी नोट तैयार किया गया था, जिसे एमएसजी द्वारा अनुमोदित किया गया था और संशोधित लागत की जानकारी राज्यों को दी गई थी।

· आकांक्षी जिलों पर विशेष ध्यान देने के साथ एमएमयू के लिए पीएम केयर्स के फंड का उपयोग करने के संबंध में मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी गई थी।

एमएमयू के लिए संशोधित एमएसजी लागत मानदंडों के आधार पर, एमएमयू के लिए परिचालन दिशानिर्देश संशोधित किए गए और मंत्रालय को प्रस्तुत किए गए। मंत्रालय से मंजूरी की प्रतीक्षा है।

5.7 ई-सहायक पर्यवेक्षण (ईएसएस) के लिए समर्थन

भारत सरकार का उद्देश्य, एक ऐसा एप्लिकेशन बनाकर देश में सहायक पर्यवेक्षण को मजबूत करने का है जो विजिट की योजना बनाने और समन्वय करने, शेड्यूल की समीक्षा करने, फीडबैक प्रदान करने आदि में मदद करता है। एनएचएसआरसी ने 16 फरवरी 2019 को एक निविदा जारी की और एनएचएसआरसी, नई दिल्ली और 15 फरवरी 2021 को अवनि/फोग्सी/कॉग्निक कोलैबोरेटिव के बीच एक समझौता ज्ञापन दर्ज किया गया। हालाँकि, मौजूदा एप्लिकेशन कोड में विभिन्न मुद्दों के कारण एप्लिकेशन को पुनर्जीवित करना संभव नहीं था, इसलिए, नए सिरे से सॉफ्टवेयर के विकास के लिए एक नई निविदा जारी की गई है। निविदा आमंत्रण हेतु ईओआई रद्द कर दी गई। आगे किसी गतिविधि की योजना नहीं है।

5.8 शिकायत निवारण सॉफ्टवेयर (जीआरएस) और स्वास्थ्य हेल्पलाइन (एचएचएल)

विभाग, व्यापक जीआरएस स्थापित करने में पीआईपी के माध्यम से राज्यों को मदद प्रदान कर रहा है। हाल में, 31 राज्यों में कार्यात्मक (104) जीआर प्रणाली है। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 104 कॉल सेंटरों की परिचालन लागत पर मानदंडों को संशोधित करने के लिए एमओएचएफडब्ल्यू के निर्देश पर, 104 कॉल सेंटरों के लिए इनपुट, प्रक्रिया और आउटपुट संकेतक पर एक प्रारूप, 11 राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मणिपुर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल) के प्रतिनिधि के नमूने के साथ साझा किया गया था। 7 राज्यों से प्राप्त माहिती का विश्लेषण किया गया और तदनुसार,एमओएचएफडब्ल्यू द्वारा आगे की कार्रवाई के लिए आवश्यक सिफारिशें फाइल पर रखी गई हैं।

जीआरएस और एचएचएल वेब पोर्टल के लिए, जीआरएस और स्वास्थ्य हेल्पलाइन के लिए वेब पोर्टल के लिए व्यापक चिकित्सा एल्गोरिदम विकसित किए गए हैं। मंत्रालय से मंजूरी के बाद जीआरएस वेब पोर्टल के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। सुमन सुविधाओं के लिए जीआर सेवाओं को एकीकृत करने के लिए, एमएच

डिवीजन और सीएचआई के समन्वय में विशेषज्ञ समूह की बैठकें आयोजित की गईं। साझा किए गए एफआरएस दस्तावेज़ पर टिप्पणियाँ दी गई थीं और तदनुसार एमएच विभाग और एनएचएसआरसी के सभी डिवीजनों सहित विक्रेता के साथ कई परामर्श करने के बाद 30 जुलाई 2021 को सॉफ्टवेयर के बीटा संस्करण का प्रदर्शन किया गया था।

पोर्टल के अंतिम संस्करण पर विचार-विमर्श करने के लिए जनवरी 2023 में एनएचएसआरसी में एक आंतरिक बैठक आयोजित की गई थी। टिप्पणियों को शामिल करने के बाद, जीआरएस पोर्टल का अंतिम संस्करण मंत्रालय को प्रस्तुत करने के लिए तैयार है।

पीएचए **06** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम)

विभाग, एनयूएचएम दिशानिर्देशों को तैयार करने और संशोधित करने, राज्यों और उनके सेवा प्रदाताओं (व्यापक हितधारकों सहित) की क्षमता निर्माण और शहरी स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन की स्थिति की निगरानी में एमओएचएफडब्ल्यू का समर्थन कर रहा है।

विभाग ने शहरी पीएचसी के नीचे विकेंद्रीकृत संरचनाओं पर काम किया है, क्योंकि शहरों और कस्बों के भीतर शहरी आबादी की ज़रूरतें उनके निवास स्थान, साक्षरता, नौकरी के अवसर, आर्थिक स्थिति आदि के अनुसार अलग-अलग होती हैं। जबकि पिछड़ी हुई आबादी पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखने की जरूरत है, कोविद -19 महामारी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी, रिपोर्टिंग में सुधार, प्रतिक्रिया और गंभीर देखभाल के लिए देखभाल के समय के दृष्टिकोण में भी सुधार के लिए शहरी आबादी के अन्य वर्गों जैसे निम्न और उच्च मध्यम और साथ ही समाज के समृद्ध वर्गों को शामिल करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। इस क्रम में, मंत्रालय में शहरी स्वास्थ्य प्रभाग और अन्य विशेषज्ञों के साथ कई विचार-विमर्श किए गए, जिसके परिणामस्वरूप अंततः यूपीएचसी के नीचे शहरी स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों (यूएचडब्ल्यूसी) पर नीतियां लाई गईं और पॉलीक्लिनिक्स के माध्यम से विशेषज्ञ देखभाल को समुदाय के करीब लाया गया। इस प्रकार, विभाग ने शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भारत सरकार की दो प्रमुख योजनाओं, यानी पीएम-एबीएचआईएम और एक्सवी एफसी दिशानिर्देशों के तहत यूएचडब्ल्यूसी और पॉलीक्लिनिक की नीति लाने और मानदंडों और कार्यक्षमता को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन दिशानिर्देशों को तैयार करने में मंत्रालय के एनयूएचएम प्रभाग के सहयोग से तकनीकी इनपुट प्रदान किए गए हैं। शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं अब केवल शहरी के बस्ती वाले क्षेत्रों के बजाय पूरी शहरी आबादी को कवर करने का प्रयास करेंगी, हालांकि प्राथमिकता के आधार पर पिछड़े हुए क्षेत्रों में संतृप्ति हासिल की जाएगी।

इसके अलावा, विभाग ने पीएम एबीएचआईएम और XV एफसी के तहत यूएचडब्ल्यूसी और पॉलीक्लिनिक के प्रावधानों और एक्सवी एफसी के तहत शहरी क्षेत्रों के लिए नैदानिक सहायता के साथ-साथ राज्यों में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के लिए योजना प्रक्रिया पर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को समझाया है। विभाग इन योजनाओं और एनयूएचएम के तहत प्रस्तावों का पीआईपी मूल्यांकन भी करता है।

शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए, विभाग ने पहली बार आईपीएचएस मानकों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आईपीएचएस दिशानिर्देश को मजबूत करने के लिए जेएस (शहरी स्वास्थ्य), जेएस (नीति) और एएस और एमडी (एनएचएम) की अध्यक्षता में शहरी स्वास्थ्य प्रभाग के साथ कई बैठकें कीं। मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित आईपीएचएस 2022 दिशानिर्देशों में यूएचडब्ल्यूसी, पॉलीक्लिनिक, यूपीएचसी और यूसीएचसी के मानदंड शामिल हैं।

शहरी स्वास्थ्य के लिए एक संशोधित मसौदा, जो कि कोविड-19 महामारी से मिली सीख और एनयूएचएम के लॉन्च के बाद से इसकी कार्यक्षमता पर क्षेत्र के अनुभवों पर आधारित है, को एनयूएचएम डिवीजन के परामर्श से तैयार किया गया है। यह पीएम-एभीएम और XV वित्त आयोग के तहत प्रस्तावित ढांचे के अनुरूप है। संशोधित एनयूएचएम ढांचा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक 2022 (आईपीएचएस) आदि के अनुरूप है। जेएस (यूएच) की अध्यक्षता में एनयूएचएम फ्रेमवर्क के संशोधन के लिए तीन राष्ट्रीय स्तर के परामर्श, विशेषज्ञों, राज्य एनयूएचएम, विकास भागीदारों, यूएलबी और नगर निगमों के साथ किए गए थे। एनयूएचएम ढांचे के मसौदे और इसमें शामिल इनपुट पर जेएस (यूएच) और जेएस (पी एंड यूएच) को प्रेजेंटेशन। इसके अलावा ईडी और एनएचएसआरसी के सभी सलाहकारों के साथ आंतरिक रूप से व्यापक विचार-विमर्श किया गया, और संशोधित रूपरेखा, अनुमोदन के लिए मंत्रालय में एनयूएचएम विभाग को प्रस्तुत की गई है।

विभाग द्वारा बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली का मूल्यांकन किया जा रहा है। उनकी कार्यप्रणाली और सेवा वितरण में आने वाली चुनौतियों को समझने के लिए फरवरी 2023 में मुंबई में सभी स्तरों की स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ निगम के कार्यालयों, ब्यूरो, वार्ड कार्यालयों की मुलाकात ली गई थी। इसके बाद, तकनीकी इनपुट और अंतर मूल्यांकन के आधार पर उन चुनौतियों का समाधान करने के तरीके, आईपीएचएस 2022 और पीएचएमसी के अनुसार सेवाओं की संभावित योजना और अंततः शहरी स्वास्थ्य के लिए एक योजना बनाई जा रही है।

यह विभाग शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं की योजना बनाने और उनके संचालन में राज्यों को निरंतर सहायता प्रदान करता है। विभाग ने जून 2022 के महीने में नई पहल के संदर्भ में शहरी स्वास्थ्य के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित करने के लिए यूनिसेफ और महाराष्ट्र सरकार की मदद की।

एनएचएम को मजबूत करने के लिए मेडिकल कॉलेजों के साथ काम करने के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार किया गया। दिशानिर्देशों के अंश अब सीपी-सीपीएचसी डिवीजन के सहयोग से मेडिकल कॉलेजों द्वारा एबी-एचडब्ल्यूसी को अपनाने के मार्गदर्शन नोट में शामिल किए गए हैं।

शहरी क्षेत्रों के लिए मौजूदा पहुंच के दिशानिर्देश भी परिकल्पित सेवाओं के आधार पर संशोधन के अधीन हैं, विशेष रूप से रोग की निगरानी और प्रकोप के प्रबंधन जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यों पर जोर देने के लिए। पहुंच के लिए दिशानिर्देश, आंतरिक समीक्षा के लिए तैयार है।

चार कार्य पत्रों के लिए, अर्थात् महानगरों सहित स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य मॉडल; सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधक की भूमिका; यूपीएचसी सेवाओं का मूल्यांकन और शहरी टीकाकरण में अंतर विश्लेषण के लिए अध्ययन प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। ड्राफ्ट को निर्धारित करने और आवश्यक अनुमोदन के बाद अध्ययन शुरू किया जाएगा।

पीएचए 07 कानूनी ढांचा

सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून की अवधारणा उन कानूनों तक ही मर्यादित नहीं है जो केवल स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रावधान को विनियमित करते हैं, बल्कि इसमें वे कानूनी अधिकार भी शामिल हैं जो राज्य के लिए अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए आवश्यक हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की बढ़ती आवश्यकताओं को केंद्र और राज्य स्तर पर कानूनी प्रावधानों को सक्षम करके समर्थन दिया जाए। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम, मेडिको-लीगल प्रोटोकॉल, नैदानिक स्थापना अधिनियम कुछ ऐसे उदाहरण हैं जिन्हें मजबूत बनाने की आवश्यकता है और इस प्रकार विभाग उनके निर्माण और कार्यान्वयन में एमओएचएफडब्ल्यू का समर्थन कर रहा है।

7.1 राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य का बिल

सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम के मसौदे में सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति प्रतिक्रियाओं का समन्वय करने, स्वस्थ वातावरण बनाने, स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने, प्रभावी कार्रवाई और नीतियों के लिए आवश्यक सूचना का आधार उत्पन्न करने, एक सक्षम स्वास्थ्य कार्यबल का प्रबंधन करने और ऐसे कई अन्य कार्य के लिए सरकारों की जिम्मेदारियों और कार्यों का विवरण दिया गया है। यह तीन स्तरीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (अंतरक्षेत्रीय) स्थापित करता है और 'सभी के लिए स्वास्थ्य' दृष्टिकोण के साथ संचारी और गैर-संचारी रोगों, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों (पुराने महामारी रोग अधिनियम को निरस्त करने के लिए), स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक, सुनिश्चित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान से संबंधित कार्यों और अधिकारों को पूरा करने के लिए वैधानिक सहायता प्रदान करता है। राज्य और सार्वजनिक परामर्श के लिए एक मसौदा तैयार किया गया और मंत्रालय को भेजा गया और राज्य परामर्श से पहले, उनकी राय के लिए कानून मंत्रालय के विधायी विभाग को भेजा गया। फलस्वरूप मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों को ड्राफ्ट भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आधार पर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य का बिल, 2009 और राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य का बिल, 2020 का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया और सिफारिशें, मंत्रालय को सौंपी गईं।

उपरोक्त बिल पर विभिन्न राज्यों से सिफारिशें भी प्राप्त हुई हैं जिनका आगे विश्लेषण किया गया है और मंत्रालय के साथ साझा किया गया है। बिल के प्रावधानों को मजबूत करने के लिए नीति आयोग और अन्य विशेषज्ञों के साथ आगे की बैठकें की गई हैं और सुझावों को उसमें शामिल किया गया है।

मंत्रालय के निर्देश पर, राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य के बिल पर प्राप्त राज्य की टिप्पणियों का विश्लेषण करने और पहली बैठक में ही बिल को निर्धारित करने के लिए विषय वस्तु पर सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए तमिलनाडु की पूर्व एसीएस डॉ. गिरिजा वैद्यनाथन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। बैठक मंत्रालय द्वारा आयोजित की जानी है।

7.2 नैदानिक स्थापना अधिनियम

विभाग, नियमित बैठकों में भाग लेता है और सीईए अधिनियम के तहत राष्ट्रीय परिषद के साथ-साथ उन राज्यों को की मदद करता है जो सीईए को अपनाने के विभिन्न चरणों में हैं। पीआईपी द्वारा राज्यों को सहायता प्रदान की जा रही है।

7.3 व्यापक स्तनपान के प्रबंधन का बिल

एमएचएफडब्ल्यू के अनुरोध पर, विभाग द्वारा एक कानूनी ढांचे का मसौदा तैयार किया गया, जिसका उद्देश्य (ए) दान किए गए मानव दूध (डीएचएम) के दाता चयन, सहमति, स्क्रीनिंग, परीक्षण, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण की प्रक्रिया को विनियमित करना; और (बी) डीएचएम के व्यावसायीकरण पर रोक लगाना था। विभाग ने एमओएचएफडब्ल्यू से मिली टिप्पणियों के आधार पर मौसादा बनाया और उसे संशोधित किया। नया प्रारूप, अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। तब से, सीएच विभागके साथ कई बैठकें आयोजित की गई हैं, और जेएस (आरसीएच) से प्राप्त फीडबैक के आधार पर, मसौदे को फिर से संशोधित किया गया है और अनुमोदन के लिए फिर से प्रस्तुत किया गया है।

7.4 मेडिको लीगल प्रोटोकॉल पर दिशानिर्देश

विभाग ने कानून और निर्णयों के आधार पर चिकित्सा अधिकारियों पर लागू होने वाले विभिन्न एमएल मामलों पर लागू प्रोटोकॉल पर एक पुस्तिका तैयार करना शुरू कर दिया है। विषय पर एक प्रारंभिक मसौदा बनाया गया है।

7.5 अन्य

राष्ट्रीय कार्य योजना - मानवाधिकार (एनएपी-एचआर): विभाग ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की इच्छानुसार एनएपी-एचआर बनाने के लिए व्यापक शोध की और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं, समस्याओ, संयुक्त राष्ट्र समिति की सिफारिश आदि पर माहिती एकत्र की। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए विशिष्ट संयुक्त राष्ट्र समिति की अंतिम टिप्पणियों सहित मुद्दों और सिफारिशों के क्षेत्रों को उजागर करने वाली माहिती का उपयोग, इच्छित एनएचआरसी के टेम्पलेट में एनएपी-एचआर का मसौदा तैयार करने के लिए किया गया था। तदनुसार, मानवाधिकार सिद्धांतों, विषयगत क्षेत्रों और मौजूदा विधायी नीतियों और ढांचे का मसौदा, विभिन्न संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों/घोषणाओं के मूल्यांकन के साथ तैयार किया गया था, जिस पर भारत एक हस्ताक्षरकर्ता है। न्यायसंगत एनएपी-एचआर की तैयारी के लिए उक्त दस्तावेजों को बाहरी विशेषज्ञों के साथ साझा किया गया था।

प्राइवेट मेंबर बिल पर दी गई टिप्पणियां:

- 'मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और सवैतनिक अवकाश के अधिकार का बिल, 2019'
- 'संविधान (संशोधन) का बिल, 2019 (सातवीं अनुसूची का संशोधन)' डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, सांसद (एलएस) द्वारा पेश किया गया
- 'संविधान (संशोधन) का बिल, 2012 (नए अनुच्छेद 21बी का सम्मिलन)' डॉ. डी. रविकुमार, सांसद (एल.एस.) द्वारा पेश किया गया।
- "स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक, 2021" शीर्षक वाले प्राइवेट मेंबर बिल का शब्दशः प्रोफेसर मनोज कुमार झा, एम.पी. (आर.एस.) द्वारा पेश किया गया।
- "निजी अस्पतालों और चिकित्सा चिकित्सकों द्वारा दुर्घटना के पीड़ितों को अनिवार्य आपातकालीन चिकित्सा सहायता का बिल, 2023", डॉ. डीएनवी सेंथिल कुमार एस., सांसद, लोकसभा द्वारा पेश किया गया।
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह स्वास्थ्य का अधिकार का बिल, 2023।

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत की गईं:

-शवों के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराए जाने के संबंध में एनएचआरसी को शिकायत संख्या 2419/90/0/2021 प्राप्त हुई।

- एसडीजी अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के कार्यान्वयन के लिए कानूनी ढांचा।

- तदर्थ भारत-यूरोपीय संघ मानवाधिकार संवाद।

- "नस्लवाद और स्वास्थ्य का अधिकार" पर रिपोर्ट के लिए प्रश्नावली, संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्तुत की जाएगी।

- कोविड-19 महामारी से उबरने के संदर्भ में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर कार्यशाला के संबंध में ओएचसीएचआर दस्तावेज़।

- मध्य स्तर और सामुदायिक स्वास्थ्य प्रदाता पर चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए एनएमसी अधिनियम के तहत सीमित लाइसेंस देने से संबंधित चिकित्सा शिक्षा नीति दस्तावेज।

- तमिलनाडु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 के तहत पंजीकृत सरकारी कंपनियों और सरकार नियंत्रित सोसायटी के पर्यवेक्षण के बीच समानता लाने के एक भाग के रूप में सरकारी सोसायटी/सरकार नियंत्रित सोसायटी को वित्त के क्षेत्र (बीपीई) के तहत लाना।

- एसडीजी संकेतक 5.6.2: कानून और विनियम जो 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल, सूचना और शिक्षा तक पूर्ण और समान पहुंच की गारंटी देते हैं।

- अनुदान मांगों की जांच पर प्रश्नावली (2023-24)

- सीईएएचटी द्वारा विकसित घरेलू हिंसा प्रोटोकॉल।

विभिन्न एमओयू/समझौतों/आरएफपी का मसौदा तैयार करने/जांचने और विभिन्न दिशानिर्देशों के लिए कानूनी अध्याय तैयार करने में सहायता प्रदान की गई।

पीएचए 08 व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल

विभाग ने व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के कुछ प्रमुख क्षेत्रों में परिचालन दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करने का समन्वय किया है। हमारे प्रयास/समर्थन गतिविधियों में विशेषज्ञ समूह की बैठकें आयोजित करना, दिशानिर्देश तैयार करना और उन्हें मंत्रालय की समीक्षा और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करना शामिल है। दिशानिर्देश मौखिक स्वास्थ्य, मानसिक, न्यूरोलॉजिकल और मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों, आपातकालीन सेवाओं, एचडब्ल्यूसी (6 प्रकार) के वास्तुशिल्प डिजाइन, आरएमएनसीएच+ए और प्रशामक देखभाल के क्षेत्रों को कवर करते हैं। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज दिवस पर माननीय एचएफएम द्वारा मौखिक स्वास्थ्य पर दिशानिर्देश लॉन्च किए गए थे। एचडब्ल्यूसी के लिए लेआउट डिजाइन एनएचएम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं और राज्यों के साथ साझा किए गए हैं। सीपी विभागन के समन्वय में स्वैच्छिक योगदान दिशानिर्देशों पर भी इनपुट दिए गए। माननीय एचएफएम द्वारा जारी एचडब्ल्यूसी पर संशोधित आईपीएचएस 2022 दिशानिर्देश एचडब्ल्यूसी की सेवाओं, उपकरण, मानव संसाधन, निदान और लेआउट डिजाइन के लिए मानकों को परिभाषित करते हैं जिन्हें अब राज्यों में प्रसारित किया जा रहा है।

विभाग ने "देश की आम जनता: भारत में कोविड-19 महामारी प्रबंधन में आशा और एएनएम की भूमिका" अध्याय का मसौदा तैयार करने में योगदान दिया है और पहला अध्याय "भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली का पारिस्थितिकी तंत्र" फिर से लिखा है।

पीएचए **09** राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटर

विभाग जिलों में राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटरों (एनएलएम) के दौरे का समर्थन कर रहा है। एएस एंड एमडी के निर्देश पर, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का आकलन करने के लिए दौरों का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय सलाहकारों के लिए एक गाइडबुक के रूप में एक चेकलिस्ट तैयार की गई थी और एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण किया गया और मंत्रालय के साथ साझा किया गया। कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद एनएलएम का कोई दौरा नहीं किया गया। इसके अलावा, मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, एनएलएम के टीओआर को संशोधित किया गया और दिशानिर्देश और राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटर पर तैयार मसौदा नोट अनुमोदन के लिए मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया। आर्किटेक्ट्स/इंजीनियरों को राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटर के तौर पर सूचीबद्ध करने के लिए मंत्रालय में एक और फाइल लगाई गई है।

